दिनांक : 16.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज एक दिन के दौरे पर जयपुर पहुंचेंगी। राष्ट्रपति हरमाड़ा में रामानंद मिशन की ओर से आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस दौरान श्रीमती मुर्मू तुलसी पीठाधीश्वर जगद्‌गुरु रामभद्राचार्य से भेंट करेंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कई प्रमुख साधु संत शिरकत करेंगे। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद कई मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया के पहल के एक दशक पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस दौरान श्री मोदी देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर सोशल मीडिया के माध्यम से देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने कहा कि यह अवसर ग्लोबल स्टार्टअप सिस्टम में भारत की भूमिका को मजबूत करने वाले युवाओं के साहस, नवाचार और उद्यमशीलता का जश्न मनाता है। उन्होंने स्टार्टअप्स के पोषण में मेंटर्स, इनक्यूबेटर्स, निवेशकों और शैक्षणिक संस्थानों के योगदान को भी स्वीकार किया। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर में भी आज नवाचार कार्यक्रम और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

000

केन्द्र सरकार आगामी बजट सत्र में **बीज अधिनियम–2026** पेश करेगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में मीडिया को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य नकली और घटिया बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना है। किसानों को अच्छी क्वालिटी के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल किस्मों को बढ़ावा देना है।

....

000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार 19 जनवरी को अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा जाएगा।

000

वीबी–जीरामजी कानून पर आज जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह भी कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। इससे पहले मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि वीबी–जीरामजी कानून ग्रामीण भारत के विकास की नई इबारत लिखेगा। ये कानून श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

....

000

उदयपुर–चित्तौड़गढ़ हाईवे पर बीती रात एक सड़क हादसे में कार सवार 4 लोगों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना भादसोड़ा क्षेत्र में नरधारी के पास कार और कंटेनर टक्कर से हुई। चित्तौड़गढ़ निवासी कार सवार ये लोग उदयपुर से एक विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। उधर, कोटा–लालसोट मेगा हाईवे पर दो ट्रकों की टक्कर में कल रात 3 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जयपुर रैफर किया गया है।

000

जयपुर में आज से भारत रिन्युएबल एक्सपो की शुरूआत हो रही है। तीन दिन के इस एक्स्पो का आयोजन राजस्थान सोलर एसोसिएशन की ओर से किया गया है। इसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा,

बैटरी स्टोरेज, ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों पर फोकस रहेगा। एक्सपो में आम उपभोक्ता सोलर पैनल, कंपोनेंट, इंस्टॉलेशन और सर्विस के साथ सरकार की सब्सिडी योजना की जानकारी ले सकेंगे।

000